मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 22/07/2025

क्र. IPI/5/0001/2025/ए-ग्यारह:: राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स पैरामेसु बायोटेक प्रा. लि. द्वारा औद्योगिक क्षेत्र मोहासा बाबई, जिला नर्मदापुरम में लगभग रु. 376.20 करोड़ के स्थाई पूंजी निवेश (पुनरीक्षित रु. 371.88 करोड़) से स्टार्च निर्माण हेतु नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव (DIPIP2405190001) पर निम्नानुसार सुविधायें प्रदान किये जाने का निर्णय लिया जाता है-

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता-** उद्योग संवर्धन नीति 2025 अंतर्गत प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता नीतिगत शर्तो के अध्याधीन प्रदान की जाये।
2. **विद्युत टैरिफ में रियायत-** उद्योग संवर्धन नीति 2025 अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों हेतु प्रावधान अनुसार विद्युत टैरिफ में रियायत दी जाये।
3. **विद्युत शुल्क से छूट-** परियोजना हेतु नवीन विद्युत संयोजन पर लिए गये अतिरिक्त विद्युत भार पर देय विद्युत शुल्क से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की दिनांक से 5 वर्षो हेतु छूट प्रदान की जाये।
4. परियोजना को उद्योग संवर्धन नीति 2025 अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ पात्रता अनुसार शर्तो के अध्याधीन प्राप्त होगा।
5. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने के दिनांक से प्रतिबद्ध निवेश के साथ 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।
6. स्वीकृत समस्त सुविधाओं का लाभ इकाई द्वारा प्रतिबद्ध निवेश के साथ वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के उपरांत निर्धारित समय-सीमा में एमपीआईडीसी को आवेदन प्रस्तुत करने पर प्राप्त होगा।
7. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।
8. यह आदेश निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति की बैठक दिनांक 01/07/2025 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में जारी किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(राघवेन्द्र कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

निरंतर ....

पृ. क्र. IPI/5/0001/2025 /ए-ग्यारह

भोपाल, दिनांक 22/07/2025

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग,वित्त विभाग एवं किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम।
4. कलेक्टर, जिला- नर्मदापुरम।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. आथोराइज्ड सिगनेटरी, डायरेक्टर, मेसर्स पैरामेसु बायोटेक प्रा. लि., Paramesu Nagar, R.S.No.972, 3rd KM Gopalapuram Road, Devarapalli (V & M), East Godavari District, Andhra Pradesh - 534 313.

- की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव

मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग